बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
अधिसूचना

संख्या–03A/स्था0रा0से0 (पदस्थापन) –23/2026– (3 A)/रा०, पटना–15, दिनांक–

बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी एवं समकक्ष में उच्चतर प्रभार प्रदत्त निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ–4 में अंकित वर्त्तमान पदस्थापन स्थान/कार्यालय से स्थानांतरित करते हुए स्तम्भ–5 में अंकित पद एवं स्थान पर अगले आदेश तक के लिए निम्नवत् पदस्थापित किया जाता है :–

क्र0	नाम	गृह जिला	वर्तमान पदस्थापन	नव पदस्थापन
1	2	3	4	5
1	श्री पंकज कुमार झा	मधुबनी	अपर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, भू–अर्जन निदेशालय, पटना	अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी, दलसिंहसराय, समस्तीपुर।
2	श्री पवन कुमार झा	शिवहर	राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगों, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज (सम्प्रति प्रतिनियुक्त बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर)	अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी, अरेराज, पूर्वी चम्पारण।
3	श्री विकास कुमार सिंह	जमुई	अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी, बारसोई, कटिहार	अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी, अररिया सदर, अररिया

2. निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय, बिहार, पटना/समाहर्त्ता, कटिहार /समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज एवं मुंगेर/संबंधित वरीय पदाधिकारी से अनुरोध है कि संबंधित स्थानांतरित पदाधिकारियों को स्तम्भ–5 में अंकित पद एवं स्थान/कार्यालय में योगदान करने हेतु अविलम्ब विरमित करेंगे तथा अनुपालन प्रतिवेदन ससमय विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

3. संबंधित सभी स्थानान्तरित पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि स्तम्भ–5 में अंकित अधिसूचित नव पदस्थापन स्थान पर बिना पारगमन अवधि का उपभोग किये अविलम्ब योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

4. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

5. यह आदेश तत्काल प्रवृत्त होगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(अकबर अली)
सरकार के अवर सचिव।

ई–मेल/फैक्स/ विशेष दूत ज्ञाप संख्या–03A/स्था0रा0से0 (पदस्थापन) –23/2026– 1314 (3 A)/रा0, पटना–15, दिनांक–19/8/26

प्रतिलिपिः–सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष/निदेशक, चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/सभी समाहर्त्ता/समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/सम्बन्धित कोषागार पदाधिकारी/सम्बन्धित उप कोषागार पदाधिकारी/सभी सम्बन्धित पदाधिकारी तथा सभी संबंधित स्थानांतरित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ई–मेल

19.8.26

(अकबर अली)
सरकार के अवर सचिव।